# राजस्थान सरकार

## सूचना एवं जन सम्पर्क कार्यालय, जैसलमेर

**फोन : 02992-294443**

**Email -** dipr.jaisalmer@rajasthan.gov.in
**-** ddpr.jaisalmer@gmail.com
**Web Site** - www.dipr.rajasthan.gov.in


---

प्रेस नोट : द्वितीय 28 जून 2023, बुधवार

**गरीबी उन्मूलन में बीस सूत्री कार्यक्रम की महती भूमिका–बीसूका उपाध्यक्ष तंवर**
**रेटिंग वाले सूत्रों में ''ए'' श्रेणी अर्जित कराने के दिये निर्देश**

जैसलमेर, 28 जून। बीसूका जिला उपाध्यक्ष उम्मेद सिंह तंवर ने कहा कि गरीबी उन्मूलन में बीस सूत्री कार्यक्रम की महती भूमिका है इसलिए अधिकारी इसको गंभीरता से लें एवं गरीबों के उत्थान के लिए संचालित इस कार्यक्रम में पूरी मेहनत कर लक्ष्य के अनूरूप उपलब्धि अर्जित करावें।

बीसूका उपाध्यक्ष तंवर ने बुधवार को जिला कलेक्ट्री की सभा कक्ष में आयोजित बीसूका के आयोजन, क्रियान्वयन एवं समन्वय के लिए गठित प्रथम स्तरीय समिति की बैठक में यह बात कही। बैठक में जिला कलेक्टर टीना डाबी, मुख्यकार्यकारी अधिकारी रणजीत सिंह के साथ ही सम्बन्धित अधिकारी एवं समिति सदस्य उपस्थित थे।

बीसूका उपाध्यक्ष ने बैठक में सूत्रवार प्रगति की समीक्षा करते हुए जिन सूत्रों में सी व डी ग्रेडिंग थी उन अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे सूत्रों में मासिक लक्ष्य निर्धारित कर समय पर उपलब्धि अर्जित करावें ताकि गरीबों का उत्थान हों। उन्होंने कहा कि ये सभी अपने आप में बहुत महत्वपूर्ण है, इसलिए अधिकारी सेवा भाव से कार्य कर अच्छी प्रगति लावें एवं जिले की रेंकिंग को सुधारें।

जिला कलेक्टर डाबी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे बीसूका के सभी सूत्रों में लक्ष्य के अनूरूप उपलब्धि हासिल कर ए ग्रेडिंग करावें ।
उन्होंने अधिकारियों को समय पर सही रिर्पोटिंग देने के निर्देश दिए।

बैठक में मुख्य आयोजना अधिकारी जसवंत गौड ने एक–एक सूत्र की मई माह तक की प्रगति के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बैठक में समिति सदस्य मूलाराम चौधरी, रूपचंद सोनी, अमृतलाल विश्नोई, खटन खां, गोरधन सिंह चौहान, नखत सिंह भी उपस्थित थे।

———000———